**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित डा0 पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तरालेख**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 18- | (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर में महमूदाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से क्षेत्रीय लोगों को असुविधा होती है? | उ0प्र0 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियमावली 2020 के अनुसार प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का कोई पद सृजित नहीं है। |
| | (ख) यदि हॉ, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु स्थास्थ्य केन्द्र पर हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति करायेंगे? | उपरोक्तानुसार।<br>जनपद सीतापुर के जिला चिकित्सालय एवं ट्रामा सेन्टर में हड्डी रोग के मरीजों हेतु इलाज की सुविधा उपलब्ध है। |
| | (ग) यदि हां, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश।